दिल्ली में सैनिक अस्पतालों में अनिवार्य दवाओं की उपलब्धता

*538. चौधरी हरि सिंह :
श्री अजीत जोगी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली कट स्थित धम अस्पताल और सैनिक अस्पताल में अनिवार्य औषधियां सामान्यतः उपलब्ध नहीं होती हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा इन अस्पतालों को अनिवार्य दवाओं की आपूर्ति हेतु कोई कदम उठाये गए हैं या उठाये जाने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) से (घ) 1991 की अंतिम तिमाही में जब पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय के खरीद संबंधी कार्य का विकेन्द्रीकरण करने का निर्णय लिया गया था तो उस समय उक्त महानिदेशालय ने लम्बित पड़े सभी मांगपत्र (इंडेंट) सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशालय को यह कह कर वापस कर दिए थे कि वे खरीद संबंधी कार्रवाई स्वयं करें। उस अवधि में आपातकालीन खरीद करके चिकित्सा सामग्री उपलब्ध करानी पड़ी थी। परन्तु अब बेस अस्पताल दिल्ली और सैनिक अस्पताल, दिल्ली समेत सभी सशस्त्र सेना अस्पतालों में आवश्यक औषधियां सामान्य रूप से उपलब्ध है।

औषधियों की आपूर्ति का स्तर संतोषजनक बनाए रखने के लिए इन अस्पतालों तथा अन्य अस्पतालों के लिए आवश्यक औषधियों की आपूर्ति की पद्धति को कारगर बनाना एक निरन्तर चलते रहने वाली प्रक्रिया है।

औषधियों की प्राप्ति में तेजी लाने के लिए केन्द्रीय रूप से खरीदी जाने वाली सभी मदों के संबंध में सैनिक अस्पताल, दिल्ली छावनी और कमान अस्पताल (मध्य कमान), लखनऊ को प्रायोगिक आधार पर सीधा परेषिती बना दिया गया है। इस पद्धति को अपनाने से चिकित्सा सामग्री व्यापारियों से डिपुओं को माध्यम बनाने की बजाए सीधे परेषिती के पास पहुंच जाती है जिससे चिकित्सा सामग्री जल्दी और आसानी से उपलब्ध होने की सुनिश्चितता बनी रहती है।

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशक की वित्तीय शक्तियां भी समुचित रूप से बढ़ा दी गई हैं।

Change in diet items for the troops

"539. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether cost effective diet items have been introduced for the troops without changing the nutritional para meters; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) and (b) The below stated items have been introduced in the diet of troops, from time to time, in lieu of items originally authorised. Such changes are based on tre preference of the troops, the recommendations of the medical authorities and cost considerations.

(i) 3 eggs once a week in lieu of meat;

(ii) refined oils in lieu of 50 per cent of hydrogenated oils;

(iii) Rajmah, Kabli Ghana., Black Oram and dried Peas, in lieu of 25 per cent tinned vegetables; and

(iv) milk powder in lieu of tioned condensed milk.